तापमान

अधिकतम 30 .9 डिग्री

न्यूनतम 7 .3 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025

12 एनएचएआई से संबंधित मामलों का जल्द करें ...



13 दीक्षांत समारोह में 2959 यूजी व पीजी के छात्रों को ...



## खबर संक्षेप

### केयू में राष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी कल से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत पालि-प्राकृत विभाग व संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी का 13 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक होगा। यह जानकारी देते हुए संगोष्ठी की संयोजिका, संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. कृष्णा देवी ने बताया कि इस संगोष्ठी में वेदेषु विकसितराष्ट्रस्य संकल्पना : वर्तमान परिप्रेक्ष्ये विषय पर शोध पत्र वाचन हेतु विद्वानों को आमंत्रित किया गया है।

### रोस्ट्रम प्रतियोगिता में रुद्रांश ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में प्रातः 11 बजे रोस्ट्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. कृष्णा देवी, अधिष्ठाता, प्राच्य विद्या संकाय व विभागाध्यक्ष, संगीत एवं नृत्य विभाग सहित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णा देवी ने रोस्ट्रम (भाषण प्रतियोगिता) का परिचय देते हुए, इसके महत्व के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

### दो कारों की टक्कर में महिला मरी, दो गंभीर

**पानीपत।** पानीपत में रिफाइनरी बाइपास पर नहर विभाग के कार्यालय के सामने दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गइ। हादसे में एक कार में सवार 33 वर्षीय किडनी पेशेंट पायल निवासी शिव कालोनी, सफीदो मंडी, जिला की मौत हो गई। जबकि उसका भतीजा सक्षम और ड्राइवर पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन पानीपत पहुंचे। जबकि आठ मरला चौकी पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार के ड्राइवर के खिलाफ पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

### कबूतरबाजी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपए की धोखाधड़ी करने मामले में नामजद आरोपी पिता रहिश खान व इसके पुत्र दानिश अली निवासी सुभाष नगर तहसील कैंप को गिरफ्तार किया है।

### शान ए पंजाब ट्रेन में भगदड़ मची

**समालखा।** समालखा के रेलवे स्टेशन के नजदीक नारायणा फाटक पर रविवार रात शान ए पंजाब 12498 में अचानक धुंआ उठने से ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्री ट्रेन के डिब्बे से नीचे उतर कर भागने लगे। जिसकी सूचना समालखा स्टेशन मास्टर व रेलवे पुलिस को दी गई। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना सैक्टर-9 में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में 10 फरवरी 2025 को थाना सैक्टर-9 पुलिस ने प्रबंधक थाना के नेतृत्व मे कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरजैन्ट सिंह निवासी जग्गी गार्डन बलदेव नगर अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सुशील कुमार वालिया निवासी सैक्टर-8 ने 09 फरवरी 2025 को थाना सैक्टर-9 में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से हाइवे पर पलटी

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। चावल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अचानक हाइवे के बीचों-बीच पलट गई, जिससे सड़क पर चावल के कट्टों का ढेर लग गया और लंबा जाम लग गया।

*थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी से कार का पीछा कर आरोपी युवक को किया गिरफ्तार*

## यमुनानगर में कार सवार युवक ने थाने के बाहर दो पुलिस कर्मचारियों को रौंदने का किया प्रयास

- हादसे में दोनों पुलिस कर्मचारी घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बिलासपुर थाने के बाहर सोमवार रात एक युवक ने अपनी कार से दो पुलिस कर्मचारियों को रौंदने का प्रयास किया। हादसे में दोनों पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी से कार का पीछा कर आरोपी युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात बिलासपुर थाने में एक कार तेज गति से घुसी। कार को एक युवक चला रहा



था। इस दौरान थाने में तैनात संतरी ने जब उसे रोकना चाहा तो आरोपी युवक उसे गालियां देकर गाड़ी को थाने के बाहर ले आया। इस दौरान थाने में मौजूद सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह आरोपी युवक को पकड़ने लगा तो आरोपी ने तेज गति से कार चलाकर सब इंस्पेक्टर व संतरी को टक्कर मारी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

इसके बाद आरोपी कार चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी से आरोपी का पीछा किया। थाना प्रभारी ने साढ़ौरा रोड पर जब आरोपी कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारी। जिससे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद आरोपी युवक वहां से कार लेकर भाग गया। मगर आरोपी युवक की कार आगे जाकर कीचड़ में फंस गई। जिसके बाद थाना प्रभारी ने आरोपी युवक को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान गांव कपूरी निवासी जगदीश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, पुलिस ने दोनों घायल पुलिस कर्मचारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है।

## घरौंडा में ट्रक परिचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

पनोडी रोड स्थित एक राइस मिल में चावल लेकर आए ट्रक परि चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ट्रक परिचालक रात को खाना खाने के बाद ट्रक के अंदर ही सो गया था और सुबह ट्रक के अंदर ही मृत पड़ा मिला। ट्रक चालकों न बताया की किसी भी संस्थान में आराम व सोने के लिए कोई प्रबंध नहीं है ऐसे ही रात दिन काटनी पडती है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच आरंभ कर दी है। पंजाब के तरंतारण निवासी केवल ने बताया कि वह भोपाल से 9 फरवरी को पनौड़ी रोड स्थित वीर राइस मिल में चावल लेकर आया था। और उसके साथ उसका चाचा अजीत सिंह जो परिचालक का काम करता है वह भी साथ ही था। पिछले दो दिनों से हमारा ट्रक खाली न होने के कारण हम रात्रि के समय अपने ट्रक में ही सो जाते थे। और गत रात्रि भी वह खाना खाकर ट्रक में ही सोए थे। सुबह जब वह उठा तो उसने



**की जा रही जांच**

राइस मिल में ट्रक परिचालक की मौत होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर जांच आरंभ कर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया है। -**विपिन**, जांच अधिकारी

अजीत को उठाने की कोशिश की लेकिन अजीत नहीं उठा। बाद में उसने राइस मिल में काम करने वाले अन्य लोगों को भी इसके बारे में सूचना दी लेकिन अजीत नहीं उठ रहा था। अजित की मौत हो चुकी थी।

### करनाल: निगम आयुक्त ने शौचालयों का किया औचक निरीक्षण

## सार्वजनिक शौचालयों में सफाई नहीं मिलने पर एजेंसी पर 7 हजार जुर्माना

- निगमायुक्त ने सड़कों की देखी साफ-सफाई, विभिन्न हटाया अतिक्रमण, सिंगल यूज प्लास्टिक तथा गंदगी फैलाने के किए 32 चालान, 18 हजार रुपये लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

शहर में मौजूद शौचालयों की सफाई व्यवस्था को देखने के मकसद से नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न जगहों का दौरा कर सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने शौचालयों की साफ-सफाई तथा पानी की उपलब्धता जैसी चीजों को देखा। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार तथा सफाई निरीक्षक संदीप कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण में निगम आयुक्त ने सबसे पहले काछवा रोड रेलवे फ्लाईओवर के नीचे स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। इसके पश्चात रेलवे रोड स्थित गुरु नानक खालसा कॉलेज के समीप, लिबर्टी

**शौचालय का निरीक्षण करते हुए**



शोरूम के सामने तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने स्थित शीरो रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान गुरु नानक खालसा कॉलेज के समीप तथा शीरो रूम में सफाई बेहतर मिली, जिसे देखकर निगमायुक्त ने अपनी संतुष्टि जाहिर की। जबकि अन्य दोनों शौचालयों पर सही से सफाई की गई नहीं मिली, जिसके चलते उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त को सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का संचालन एवं रख-रखाव देख रही लव-कुश एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि रोजाना शौचालयों का दौरा किया जाए। कोई भी शौचालय गंदा दिखाई नहीं देना चाहिए। शौचालय में वाशबेसिन, पानी की उपलब्धता तथा उनमें मौजूद यूरिनल व टॉयलेट सीट साफ होनी चाहिए। बता दें कि उपरोक्त दो शौचालयों की सही सफाई न मिलने के चलते सफाई शाखा की ओर से सम्बंधित एजेंसी पर 7 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**सड़कों की देखी साफ-सफाई**

निगमायुक्त ने मंगलवार प्रातः राजकीय अस्पताल रोड तथा कर्ण कैनाल रोड का औचक निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई देखी। सफाई मित्रों की रजिस्टर में हाजिरी चेक की तथा बीट में जाकर उन द्वारा किए गए कार्य को देखा। उन्होंने सफाई मित्रों की यह कहकर हौसला अफजाही की कि उनके द्वारा की गई बेहतर साफ-सफाई से नागरिक संतुष्ट हो रहे हैं।

**अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई देखी**

निगमायुक्त के निर्देश पर शहर की मुख्य सड़कों एवं बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत मुख्यतः रेलवे रोड, सब्जी मंडी रोड, कर्ण गेट बाजार, कलंदरी गेट बाजार, महाराणा प्रताप चौक बाजार, मच्छी मार्किट, कल्पना चावला रोड तथा अस्पताल चौक से कर्ण कैनाल पुलिया इत्यादि क्षेत्रों से ट्रैफिक पुलिस के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान जिन दुकानों का सामन सडक पर रखा मिला तथा जो रेहडियां सडक पर मौजूद मिली, उन्हें जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के बावजूद जिन दुकानों पर यह पाया गया तथा गंदगी दिखाई दी, उनके चालान भी किए गए। इसके तहत चारो जोन में कुल 32 चालान कर 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### 920 नशीले कैप्सूल्स सहित तस्कर गिरफ्तार

**बराड़ा।** बराड़ा क्षेत्र लक्ष्य फाऊंडेशन नशा मुक्ति केन्द्र बराड़ा के पास से नशीले कैप्सूल्ज की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सुरजीत कुमार उर्फ बादल निवासी बराड़ा जिला अम्बाला को 920 नशीले कैप्सूल्ज सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गन पॉइंट पर छीना झपटी करने वाले पांच आरोपी धरे



**करनाल।** जिला पुलिस थाना घरौंडा कि टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बस्ताडा टोल टैक्स के नजदीक कुटेल रकबा करनाल के क्षेत्र में ग्रस्त करके नाकाबंदी करते हुए पांच आरोपी देवेश कौशिक पुत्र फुलकवार कौशिक निवासी जीवन विहार सोनीपत, नितिन पुत्र सोमबीर निवासी गांव संदाल खुर्द सोनीपत, राहुल पुत्र अनिल निवासी गांव ताजपुर तिहाड़ खुर्द सोनीपत, सूरज पुत्र रोहतास निवासी तारानगर कॉलोनी सोनीपत को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से एक गाड़ी व एक अवैध देसी पिस्टल 32 बौर बरामद की गई। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक बलराज सिंह ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों ने लूट की यह वारदात 28 दिसंबर को गन पॉइंट पर सोने की चैन और कुछ नगदी घरौंडा करनाल के क्षेत्र से की थी। उन्होंने बताया कि पहले वे गाड़ियों को चिन्हित करके फिर उनके सामने गाड़ी रोक कर गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम देते थे इस संबंध में आज आरोपियों अदालत के सम्मुख पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

*वारदात से हड़कंप, घटना के समय स्कूल में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे*

## बाइक पर आए तीन बदमाशों ने दो युवकों पर चलाई गोली, स्कूल की दीवार में लगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव बाल छप्पर में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने दो युवकों पर एक राउंड फायर किया। गनीमत यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी। गोली स्कूल की दीवार से टकराई। जिससे स्कूल की दीवार में छेद हो गया। घटना के समय स्कूल में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बाल छप्पर निवासी



**यमुनानगर।** गांव बाल छप्पर में चली गोली के मामले में जांच करनी पुलिस।

गुरप्रीत और बलराम मंगलवार सुबह बाइक पर किसी काम से जा रहे थे। जब वह दोनों गांव के स्कूल के पास पहुंचे तो गांव मंधार की तरफ से बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए। आरोपियों ने आते ही उन दोनों युवकों पर गोली चला दी। मगर वह बाल बाल बच गए। गोली स्कूल की दीवार से टकराई। जिससे स्कूल की दीवार में गोली लगने का छेद हो गया। घटना के समय स्कूल में बच्चे पढ़ाई कर रहे। गोली चलने की आवाज सुनकर स्कूल के टीचर व गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। गोली चलने की सूचना मिलते ही थाना छप्पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच करने पर गोली को बरामद कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### दो सूने घरों से नकदी समेत चुराए लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय दोनों परिवारों के सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### काम करने गया था परिवार, चोरों ने चुराई नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** यमुना नदी के प्लेज का काम करने गया था परिवार, पीछे से चोरों ने चुराई नकदी व आभूषण गांव लापरा निवासी नदीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यमुना नदी में प्लेज का काम करता है। वह एक सप्ताह पहले घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ प्लेज का काम करने के लिए यमुना नदी में गए थे। लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था।

## कहासुनी होने पर पिता ने पुत्र पर किए चार राउंड फायर

- आरोपित पिता ने बेटे की बुलेट बाइक पर भी फायर कर लगाई आग
- आरोपी व्यक्ति घर से फरार, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव तुगलपुर में बीती रात कहासुनी होने पर एक पिता ने अपने बेटे पर चार राउंड फायर किए। बेटे ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान गुस्साए पिता ने बेटे की बुलेट बाइक घर से बाहर निकालकर उस पर फायर कर आग लगा दी। जिससे बाइक जल गई। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव तुगलपुर निवासी जगदीश सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपने पिता के साथ मनमुटाव चल



रहा था। सोमवार रात को वह खेत में काम करके घर आया तो उसका पिता गुरमीत सिंह उससे किसी बात को लेकर बहस करने लगा। जिस कारण उसकी अपने पिता के साथ कहासुनी हो गई। इस दौरान उसके पिता ने पिस्टल निकालकर उस पर दो राउंड फायर किए। यह गोली उसके पैरों पास लगी। वह किसी तरह से वहां से भागा और अपनी जान बचाई। इसके बाद उसके पिता ने उसकी बुलेट बाइक घर से बाहर निकालकर उस पर भी दो राउंड फायर किए। जिससे उसकी बाइक में आग लग गई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गया। गोली चलने के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**कार्यक्रम** करनाल में सन्त रविदास जयंती पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा

## संत रविदास की शिक्षा आज प्रकाश स्तम्भ की तरह कर रही मार्गदर्शन

- मंदिर में अरदास के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर चढ़ाए पुष्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

सहकारिता, कारागार विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज ने भूली-भटकी मानवता को राह दिखाई थी। उनकी शिक्षा और विचारधारा आज हमारे लिए प्रकाश स्तम्भ के भांति मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दें और उनके समाज व देश उत्थान के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार करें। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा न्यू रमेश नगर, सदर बाजार में सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज की 648वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभायात्रा में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। सामुदायिक हाल में आयोजित सभा को



संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां मनाने से हमें, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का मौका मिलता है। यही नहीं युवाओं को महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे महापुरुषों में 14वीं शताब्दी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भी हुए। इन्होंने समूची मानवता को जीवन का कल्याणकारी रास्ता दिखाया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी किसी एक जाति या सम्प्रदाय के गुरु नहीं थे। वे पूरी मानव जाति को रास्ता दिखाने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करें और सन्तों के दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले विशिष्ट अतिथि विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा सरकार रविदास जी के बताए मार्ग पर चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समरसता के पक्षधर हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक जगमोहन आनंद, बाबा जोगा सिंह, बाबा जोगिंदर सिंह, बाबा सेवा सिंह, बाबा कोमल, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, पूर्व पार्षद सतिंदर सिंह पम्मी, संरक्षक दया प्रकाश, प्रधान रोहित जोशी, भारत भूषण, प्रभु दयाल बिशनदास, किशोर नागपाल, जोगेंद्र कदम, दलीप, वेदप्रकाश, राजन, हुकमचन्द, राहुल, कालीचरण, प्रह्लाद चहल, पूर्व पार्षद ठाकुर दास, नन्द किशोर, शेखर, राकेश, महात्मा सुरेश, वरिंदर चांवरिया आदि उपस्थित रहे।

### अरविंद केजरीवाल के झूठ और भ्रष्टाचार से परेशान होकर जनता ने भाजपा को चुना

**घरौंडा।** हरियाणा के सहकारी पर्यटन व जेल मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की झूठ व भ्रष्टाचार से परेशान होकर और इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करके दिल्ली के लोगों ने भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम किया है, वह दिल की गहराईयों से दिल्ली के लोगों का आभार जताते हैं। सहकारी पर्यटन व जेल मंत्री अरविंद शर्मा मंगलवार को नसीब विहार कालोनी स्थित



**घरौंडा।** वर बधू को आशीर्वाद देते हरियाणा सहकारी पर्यटन व जेल मंत्री अरविंद शर्मा व उनका स्वागत करते उनके समर्थक।

समाजसेवी सुभाष शर्मा के पुत्र सचिन शर्मा व उनकी पुत्रवधु का आशीर्वाद देने उनके निवास स्थान पर पहुंचे। जेल मंत्री ने नवविवाहिता को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जहां पर सुभाष शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान ललित शर्मा,कुलदीप शर्मा, सतीश शर्मा, नरेंद्र आचार्य,सतपाल शर्मा सहित अन्य लोगों ने उन्हे गुलदस्ता व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने मन बना रखा था। दिल्ली के लोगों ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान व अन्य जिन राज्यों में भाजपा की सरकारों को देखा और इसी के साथ केजरीवाल का झूठ, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी व डबल इंजन की सरकार को देखते हुए दिल्ली के लोगों ने भाजपा की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाई है।

## करियर अवसर विषय पर सेमिनार का आयोजन

# हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी और उद्यमिता के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की बढ़ रही मांग

### मुख्य वक्ता ने फार्मेसी क्षेत्र पर डिजिटल प्रगति के प्रभाव पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर (यमुनानगर) में डिजिटल युग में फार्मासिस्टों के लिए करियर अवसर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग में उभरते करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करना रहा। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में बिद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ इमर्जिंग एंड टेक्नोलॉजी सोलन के डीन प्रो. डॉ. अरुण कांत पैनोली व सहायक प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कांत पैनोली ने फार्मेसी क्षेत्र पर डिजिटल प्रगति के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फार्मास्युटिकल रिसर्च, क्लिनिकल ट्रायल्स, हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी और उद्यमिता के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की मांग तेजी से बढ़ रही है। मौके पर उन्होंने डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन फार्मेसी सेवाओं और एआई आधारित दवा विकास की बढ़ती संभावनाओं पर भी चर्चा की।


यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता पैनोली व भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

दूसरे मुख्य वक्ता डॉ. राजीव कुमार ने फार्मेसी स्नातकों के लिए उपलब्ध विविध करियर विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फार्मा को विजिलेंस, रेगुलेटरी अफेयर्स, मेडिकल राइटिंग, टेली फार्मेसी और बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हेल्थकेयर इंफ्रार्मेटिक्स जैसी नई तकनीकों में कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। जिससे वह प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खुद को स्थापित कर सकें।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने दोनों मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यान विद्यार्थियों को भविष्य की कार्यशैली के लिए तैयार करने और



नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**फार्मासिस्टों के लिए नए दरवाजे खोले**

*प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि डिजिटल युग ने दवा विकास, ई फार्मेसी, प्रिसिजन मेडिसिन और हेल्थकेयर, एआई जैसे क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लिए नए दरवाजे खोले हैं। जिन्हें छात्रों को पूरे जोश और उत्साह के साथ तलाशना चाहिए।*

उन्होंने छात्रों से तकनीकी प्रगति को अपनाने और डिजिटल युग में फार्मेसी क्षेत्र में उपलब्ध नए अवसरों की खोज करने के लिए प्रेरित किया।

# एकाग्रता के साथ परीक्षा के लिए जाएं विद्यार्थी

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली गई। स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सिंगला ने कहा कि बच्चों के परीक्षा के दिन नजदीक आ गए हैं तो बच्चों को आशीर्वाद देने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य समाज के आचार्य विक्रम ने विधिवत रूप से हवन कराया और बच्चों ने हवन में पूरी श्रद्धा के साथ आहुतियां डाली। शिक्षक वर्ग ने पुष्प वर्षा के माध्यम से बच्चों को आशीर्वाद दिया व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन का यह समय हर इंसान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समय है, क्योंकि यह समय हमारे जीवन की नींव है। इस नींव पर ही हमारे भविष्य की इमारत टिकी हुई है तो हमारे लिए इस नींव को मजबूत बनाना महत्वपूर्ण है।


यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल रादौर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# ब्यूटी और वेलनेस उद्योग में सफलता को लेकर आयोजित कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

- ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में हुआ था आयोजन

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में चल रही सात दिवसीय ब्यूटीशियन कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यशाला में डॉक्टर निकिता गर्ग ने महिला स्वच्छता और पीसीओएस पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यशाला में छात्राओं ने ब्यूटी व वेलनेस के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर व अन्य विषय शामिल थे। छात्राओं ने अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी प्राप्त की। डॉक्टर निकिता गर्ग ने अपने विस्तार व्याख्यान में महिला स्वच्छता और पीसीओएस के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ.राजेंद्र कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला हमारी छात्राओं को ब्यूटी और वेलनेस उद्योग में सफल होने के लिए तैयार करने में मदद करेगी। महिला सेल की प्रभारी ममता रानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने करियर में सफल होने के लिए तैयार करना है। मौके पर डॉ.संजीव गांधी, डॉ.निर्मला शर्मा, प्रोफेसर रीतू बेनीवाल व प्रोफेसर रीतू नरवाल आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। सरकारी कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यशाला में संबोधित करती मुख्यवक्ता। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की 10 फरवरी को रात का खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। सुबह उन्हें अपनी लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला।

### घर में घुसकर महिला की बालियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव दौलतपुर में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला की बालियां चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव दौलतपुर निवासी गुरमीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ फरवरी को वह किसी काम से घर से बाहर गए थे। जब वापस लौटे तो घर से उसकी पत्नी संतोष की बालियां गायब मिली। जांच करने पर उन्हें पता चला कि उसकी पत्नी की बालियां गांव के ही छमिंद्र ने चोरी की हैं। उसने इस बारे आरोपी से बात की। मगर उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संत गुरु रविदास की शिक्षाएं समानता व भाईचारे का देती हैं संदेश: डॉ. शर्मा

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में मनाई गुरु रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में मंगलवार को संत गुरु रविदास जयंती को बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। कार्यक्रम में शिक्षण, गैरशिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने गुरु रविदास के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने गुरु रविदास जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी की समानता, विनम्रता और सार्वभौमिक भाईचारे की शिक्षाएं हमें अधिक न्यायपूर्ण और दयालु समाज की ओर ले जाती हैं। पंजाबी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तिलक राज और शिक्षा विभाग के डॉ. जगत सिंह ने गुरु रविदास जी के जीवन और दर्शन के बारे में जानकारी सांझा की। उन्होंने सामाजिक सद्भाव, धार्मिकता और ईश्वर के प्रति समर्पण के उनके संदेश पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज की दुनिया में उनकी शिक्षाएं कितनी प्रासंगिक हैं।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में गुरु रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं का आयोजन

- शोभायात्राओं पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत
- श्री गुरु रविदास मंदिर सभा द्वारा नाचरौन समेत विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

संत गुरु रविदास महाराज के प्रकाशोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को गांव नाचरौन व शादीपुर समेत जिले में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। शोभायात्राओं का जगह जगह श्रद्धालुओं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान रास्तों में श्रद्धालुओं को फल, जलपान व मिष्ठान भेंट किया गया। गुरु रविदास मंदिर सभा नाचरौन के श्रद्धालु रोशन, बिमला, राजकुमार व संदीप आदि ने बताया कि शोभा यात्रा गांव के गुरु रविदास मंदिर से शुरु होकर कस्बे के मुख्य गलियों व अन्य स्थानों से होती हुई अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मंदिर सभा द्वारा हर वर्ष संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि शोभायात्रा का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य आपसी भाईचारा स्थापित करना रहता है। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास की शिक्षाएं हमेशा ही लोगों को प्रेरणा देती रही हैं। उन्होंने हमेशा समाज की बुराइयों को समाप्त करने की आवाज उठाई और समाज की एकता पर जोर दिया।

उधर, शादीपुर में भी शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु रामशरण ने कहा कि गुरु रविदास किसी एक विशेष जाति के गुरु नहीं हैं। बल्कि सर्व समाज के गुरु हैं। रामशरण ने कहा कि गुरु रविदास ने अपने जीवन में सादगी, आपसी भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने समाज को शिक्षित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके अलावा गांव खेड़ी, साढ़ौरा, जगाधरी, सरस्वती नगर समेत जिले के दर्जन भर गांव में शोभायात्राओं का आयोजन किया गया।



यमुनानगर। जगाधरी क्षेत्र में शोभायात्रा निकालते हुए श्रद्धालु व नाचरौन में शोभायात्रा में आकर्षक रुप से निकाली गई झांकी। फोटो: हरिभूमि

# फोटोग्राफी में कामयाबी के लिए रचनात्मकता जरूरी

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में फोटोग्राफी विषय पर कार्यशाला का आयोजन
- कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में जनसंचार विभाग के तत्वावधान में फोटोग्राफी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू जैन व विभागाध्यक्ष परमेश त्यागी ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी के क्षेत्र में कामयाबी के लिए रचनात्मकता जरूरी है। लगातार बढ रहे मीडिया, जनसंपर्क और विज्ञापन उद्योग, ई.कॉमर्स सहित अन्य क्षेत्र फोटोग्राफी के लिए अच्छे कैरियर विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। भले ही मोबाइल फोन ने आज हर किसी को फोटोग्राफर बना दिया है। बावजुद इसके पेशेवर फोटोग्राफी का जनून लोगों में बरकरार है। पेशेवर फोटोग्राफी में कैरियर की अपार संभावनाएं है। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी पूर्णतः तकनीकी जानकारी पर आधारित है।


यमुनानगर। कार्यशाला में फोटोग्राफी के बारे छात्राओं को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार।

इसके लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। एक्सपोजर ट्राइंगल यानि अपर्चर, शटर एवं आइएसओ की जानकारी से फोटो अंडर एक्सपोज या ओवर एक्सपोज से बचाया जा सकता है। शार्प शॉट के लिए व्हाइट बैलेंस व फोकस मोड की जानकारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी के लिए रूल ऑफ थर्ड, लिडिंग लाइन, नोस रूम, हेड रूम आदि नियमों के बारे में पता होना जरूरी है। प्रिंसीपल डॉ. मीनू जैन ने कहा कि फोटोग्राफी में कैरियर की अपार संभावनाएं है। फोटोग्रापी सीखकर छात्राएं कैरियर की बुलंदिया छू सकती हैं। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की प्राध्यापिका नेहा ठाकुर व हिमानी जांगडा ने सहयोग दिया।

# नीरज बने सेंट्रल वाल्मीकि सभा के जिला अध्यक्ष

- सेंट्रल वाल्मीकि सभा हरियाणा के सदस्यों की गांव हरनौल में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

वाल्मीकि सभा हरियाणा के सदस्यों की गांव हरनौल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नीरज वाल्मीकि को जिला अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर सदस्यों ने नीरज वाल्मीकि को फुलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीरज वाल्मीकि ने संस्था के उच्च पदाधिकारियों व सदस्यों को विश्वास दिलाया कि वह अपने पद की गरिमा व जिम्मेवारी को बहुत ही लग्न व निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। मौके पर संस्था के प्रदेशाध्यक्ष मोहन परोचा व सभा के प्रांतीय संयुक्त सचिव कुलदीप हरनौल ने समाज के लोगों को संस्था के संगठनिक ढांचे का विस्तार करने तथा उद्देश्यों बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि यह समय पढ़ने और आगे बढ़ने का है। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह, मनदीप सिंह, चमेला राम, रतनलाल, मोनू कुमार, बलविंदर कुमार, अभिषेक कुमार, साजन कुमार, रमेश चंद्र, सुखविंदर सिंह, प्रवेश कुमार, मनोज कुमार, सुखबीर सिंह, ज्योति व सोनिया परोचा आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। गांव हरनौल में आयोजित बैठक में सभा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नीरज वाल्मीकि को नियुक्ति पत्र सौंपते सभा के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# साहिब श्री गुरु हर राय साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमति समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु अर्जुन नगर जगाधरी में साहिब श्रीगुरु हर राय साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम सजाया गया। इस दौरान पहुंची संगत को रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन और गुरमति विचारों से निहाल किया। कार्यक्रम के दौरान सजे दीवान में भाई गुरशरण सिंह जगाधरी वाले, भाई जसविंदर सिंह और भाई आकाशदीप सिंह के कीर्तनी जत्थों ने मनोहर कीर्तन का गायन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार कमलप्रीत सिंह ने बताया कि इस गुरुपूर्व के संबंध में सुखमनी सोसायटी द्वारा 31 जनवरी से लेकर 10 फरवरी तक गुरुद्वारा साहिब में रोजाना संगत रूप में पाठ किए गए। उन्होंने संगत को साहिब श्री गुरु हर राय साहब जी के प्रकाश पर्व की बधाई दी और समागम में पहुंची संगत का धन्यवाद किया। समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया।


यमुनानगर। गुरुद्वारा श्रीगुरू सिंह सभा अर्जुन नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगत को शब्द कीर्तन से निहाल करते रागी जत्थे। फोटो: हरिभूमि

## जिला उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# एनएचएआई से संबंधित मामलों का जल्द करें निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने राजस्व अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में जिला राजस्व अधिकारी यमुनानगर से ततीमा, कटिंग, जमाबन्दियां, इंतकाल, माडर्न रिवन्यू रिकार्ड रूम व एनएचएआई से संबंधित केसों की स्थिति की जानकारी ली।


यमुनानगर। जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने राजस्व अधिकारी यमुनानगर को उप तहसील सरस्वती नगर की लंबित जमाबन्दियां दस दिन के भीतर पूर्ण करवाने, जिला में गिरदावरी का कार्य 13 फरवरी 2025 तक शुरू करने करने के आदेश दिए।

वहीं, उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उपमंडल अधिकारी (ना)जगाधरी, व्यासपुर, रादौर व छछरौली को जिन इंतकालों को स्वीकृत हुए दस दिन से अधिक का समय हो गया हैं उन इंतकालों को 14 फरवरी तक पूर्ण करने और जो जमाबंदियां सदर में दाखिल नहीं हुई हैं उन्हें 14 फरवरी तक सदर में दाखिल करवाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

**अमृत सरोवरों का भी नियमित निरीक्षण करें**

इसके अलावा कृषि सेन्सस से संबन्धित कार्य भी 14 फरवरी तक पूर्ण करवाना व अमृत सरोवरों का भी नियमित निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपमंडल अधिकारी जगाधरी, उपमंडल जगाधरी की तहसील में पड़ने वाले गोबिंदपुरा, तेजली व रायपुर गांव की वर्ष 2022-23 की लंबित जमाबंदियों को भी 14 फरवरी तक सदर में जमा करवाएं। मौके पर उपमंडल अधिकारी व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, उपमंडल अधिकारी छछरौली रोहित कुमार, उपमंडल अधिकारी रादौर नरेंद्र कुमार व जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम कपिल कुमार ने संभाला कार्यभार



**पिहोवा।** उपमंडल पिहोवा में मंगलवार को एसडीएम कपिल कुमार ने उपमंडल अधिकारी नागरिक का कार्यभार संभाल लिया है। इसके पश्चात उन्होंने अपने कार्यालय के कर्मचारियों का परिचय लिया और जनसेवाओं से संबंधित फाइलें समय पर निपटाने के निर्देश दिए। एसडीएम कपिल कुमार ने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### जल सरंक्षण में सभी की भागीदारी अनिवार्य

**पिहोवा।** उपमंडल पिहोवा में मंगलवार को सहायक भूमि सरंक्षण अधिकारी, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र के सौजन्य से अटल भूजल योजना के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु खंड स्तरीय किसान जागरुकता शिविर का आयोजन पुरानी अनाजमंडी पिहोवा में किया गया। इस मौके पर धुम्मन सिंह किरमच उपाध्यक्ष हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड तथा कंवलजीत कौर चेयरमैन जिला परिषद कुरुक्षेत्र ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की तथा उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।

### नवीन संकल्प शिविरों का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शाहबाद मारकंडा के गांव सूढपुर और खेड़ा में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। शाहबाद हल्के के गांव सूढपुर और खेड़ा में आयोजित इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है।

### नगर निकाय चुनावों के लिए 17 फरवरी तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया, 12 व 16 फरवरी को रहेगी छुट्टी

# निकाय चुनाव में पहले दिन नहीं हुआ कोई नामांकन

18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में अध्यक्ष और पार्षद पद, इस्माइलाबाद नगरपालिका के उप चुनाव में अध्यक्ष पद तथा लाडवा वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। इन नगर निकाय चुनावों में 12 व 16 फरवरी को छोड़कर 17 फरवरी तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने मंगलवार को बातचीत करते हुए कहा कि नगर परिषद थानेसर, नगर पालिका इस्माइलाबाद व लाडवा में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन चुनावों में नामांकन भरने के लिए नप थानेसर के लिए लगभग 50 लोगों ने नामांकन भरने के लिए आवेदन जरूर लिए है लेकिन पहले दिन किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। इस जिला में नगर निकाय चुनाव को लेकर आगामी 2 मार्च को मतदान करवाएं जाने है। इस चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अध्यक्ष व पार्षदों, इस्माइलाबाद अध्यक्ष पद के उपचुनाव, लाडवा में वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल होगें, इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। सम्बंधित उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएगें, 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। इस शैडयूल के अनुसार 02 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा तथा इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इस मौके पर एडीए अमन कोहली, कानूनी सलाहकार केएल बठला, अधीक्षक चंद्रकांता, ईओ राजेश कुमार, एओ मनोज कुमार चहल, राकेश बेनिवाल, सुभाष आदि उपस्थित थे।



#### सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

नप थानेसर में वार्ड अनुसार नियुक्त किए सहायक रिटर्निंग अधिकारी डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के 32 वार्डों के लिए अलग-अलग अधिकारी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। जिसमें वार्ड 1 से 8 तक नायब तहसीलदार थानेसर परमजीत सिंह, वार्ड 9 से 16 तक बीडीपीओ थानेसर अमित, वार्ड 17 से 24 तक मार्किट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह व वार्ड 25 से 32 तक मिकाडा के एसडीओ जितेन्द्र मुखीजा शामिल है। सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी सदस्य पद से सम्बन्धित एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन प्रधान पद से सम्बन्धित नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक प्राप्त करेंगे।

## नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को एक एक पैसे का रखना होगा हिसाब किताब: नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद व नगर पालिका के चुनाव में सभी प्रत्याशियों को अपने चुनावी खर्चों का पूरा हिसाब किताब रखना होगा। इन चुनावों में प्रत्याशियों को हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की सख्ती से पालना करनी होगी। अगर किसी भी स्तर पर आदेशों की पालना नहीं होगी तो नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार चुनावी प्रक्रिया चल रही है। इन चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इस आचार संहिता की सख्ती के साथ पालना करनी होगी। इन आदेशों की पालना करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। अगर किसी अधिकारी व कर्मचारी ने भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### 2 मार्च को मतदान के दिन रहेगी छुट्टी



उपायुक्त नेहा सिंह ने आदेश जारी किए है कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शानुसार 2 मार्च को मतदान के दिन छुट्टी रहेगी। इस दिन सारी फैक्ट्रियों, बाजारी संस्थान, उद्योग, ट्रेड, दुकानों इत्यादि में सभी कर्मचारियों की छुटटी रहेगी ताकि सभी लोग अपने वोट डाल सके।

#### इस्माइलाबाद के 13 वार्डो में 10539 लोग करेंगे मतदान

शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक एवं इस्माइलाबाद के रिटर्निंग अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद में नगर पालिका के अध्यक्ष पद का उपचुनाव 2 मार्च को होगा। इस अध्यक्ष पद के लिए शहर के 10539 लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस शहर में कुल 13 वार्डों में 13 बूथ बनाए गए है। इस शहर के वार्ड 1 में 605 वोट है, जबकि वार्ड 2 में 666, वार्ड 3 में 702, वार्ड 4 में 1100, वार्ड 5 में 927, वार्ड 6 में 776, वार्ड 7 में 1088, वार्ड 8 में 869, वार्ड 9 में 917, वार्ड 10 में 747, वार्ड 11 में 622, वार्ड 12 में 689 व वार्ड 13 में कुल 831 वोट है।

#### नगर परिषद थानेसर में 137677 लोग करेंगे मतदान

जिला नगर आयुक्त सतिंद्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के 32 वार्डो में कुल 137677 लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 70994 पुरुष व 66683 महिलाएं मतदाता शामिल है। इन चुनावों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च मतगणना का कार्य किया जाएगा। यहां पर चेयरमैन पद व 32 पार्षद के पद के लिए आम चुनाव होंगे।

#### लाडवा में वार्ड 11 से 1595 लोग चुनेंगे पार्षद

एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि लाडवा में 2 मार्च को वार्ड 11 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव होगा। इस उप चुनाव में कुल 1595 लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करेंगें। इन चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



### कर्मचारियों से मतदान की अपील

**कुरुक्षेत्र।** रामकुमार गुर्जर एवं सहयोगी ग्रुप के प्रधान पद के उम्मीदवार राम कुमार गुर्जर अपने सभी नामित उम्मीदवारों व ग्रुप के सक्रिय सदस्यों के साथ सीक्रेसी ब्रांच, साइंस फैकल्टी, आर्ट फैकल्टी, कॉलेजेस ब्रांच, डीन बिल्डिंग व गर्ल्स हॉस्टल्स के सभी गैर-शिक्षक कर्मचारियों से मिले। उन्होने चुनाव लड़ रहे अपने ग्रुप के सभी उम्मीदवारों के बारे में अवगत करवा कर अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कर्मचारी हित के कार्यों के आधार पर कुंटिया के चुनाव में आने वाली 14 फरवरी को साईकिल के चुनाव चिन्ह पर वोट डालने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए राम कुमार गुर्जर, महासचिव पद के लिए प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान पद के लिए जसबीर सिंह सहोता, उप-प्रधान पद के लिए रामनाथ, सह-सचिव पद के लिए रामकुमार सैनी, प्रेस सचिव पद के लिए सुनील कुमार टामक व कोषाध्यक्ष पद के लिए बृजभूषण को चुनाव में उतारा है। प्रधान पद के उम्मीदवार रामकुमार ने बताया कि ग्रुप को सभी कर्मचारियों की तरफ से अपार समर्थन मिल रहा है । उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वह सभी कर्मचारी वर्गो की मांगों को पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। अभियान में ग्रुप के चैयरमेन रोहताश शर्मा, ग्रुप प्रधान सुरेंद्र सिंह मलिक, सक्रिय साथी अनिल लोहाट, रूपेश खन्ना आदि मौजूद रहे।

## थानेसर नपा अध्यक्ष का अवसर महिला के लिए वह किसी का हक नहीं मारेंगे : सूरजभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरज भान कटारिया ने कहा है कि वह थानेसर नगर पालिका अध्यक्ष वाले मामले से बाहर हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की नपा अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है जबकि वह पुरुष हैं और उन्होंने अपने परिवार की किसी महिला के चुनाव लड़ने की अटकलें को भी विराम दिया है। वह किसी योग्य महिला उमीदवार का हक नहीं मारना चाहते है। उल्लेखनीय है की हरियाणा में चुनाव के लिए आज नामांकन आरंभ हो गए हैं तीन दशक के बाद धर्मनगरी की नगर पालिका थानेसर को रोस्टर प्रणाली के तहत अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जिस पर भाजपा से जुड़े अनुसूचित जाति वर्ग के स्थानीय नेताओं की स्थिति अभी साफ नहीं हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने से अनुसूचित समाज, पिछड़े समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ शहर में अनेक शुभचिंतकों ने इस चुनाव में भागीदारी करने की बात कही है।

#### किसी अनुसूचित जाति की महिला को देंगे मौका



सूरज भान कटारिया।

उन्होंने कहा कि मेरे परिवार की महिलाओं में मेरी पत्नी (43) और उच्च शिक्षा प्राप्त डॉक्टर बेटी (23) मौजूद भी है और मेरे सभी सामाजिक कार्यों में भागीदारी भी करती है किन्तु राजनीति में मैंने स्वयं भूमिका निभाई है जिम्मेदारी निभाई है इसलिए थानेसर नगर पालिका अध्यक्ष महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने से मैं किसी वास्तविक हकदार बहन बेटी का हक काटने का कार्य नहीं करना चाहता हूं और इसलिए इस चुनाव में उन्होंने कोई दावेदारी नहीं की है और नहीं पार्टी संगठन में कही आवेदन किया है। उन्होंने अपने सभी शुभ चिंतक मित्रगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी संगठन अध्यक्ष पद के लिए जिस महिला उमीदवार को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा उसकी तन मन धन से पूरी मदद करके चुनाव में विजय बनाएंगे।

## खबर संक्षेप



### डेरा संत सिंह में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अडॉप्टेड गांव डेरा संत सिंह में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन प्रो. ऑफिसर वासवदत्ता और डॉ. सुषमा वशिष्ठ के नेतृत्व में किया गया, जिसमें श्री कृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, डॉ. सुरेंद्र सहरावत के मार्गदर्शन में, निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए उपस्थित रही। शिविर में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई।



### बीआर स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों ने श्रीलंका में आयोजित अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाँच पदक हासिल कर सफलता का एक नया इतिहास रच दिया है। विशेष ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि इस प्रतियोगिता में भारत सहित सात अन्य देशों के (श्रीलंका, नेपाल, भूटान, जापान, पाकिस्तान एवं चीन) 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। भारत से 62 खिलाड़ियों में बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पाँच छात्रों (ऋषभ, अविनूर, केविन, हरप्रीत एवं रणंजय) ने भाग लिया। तथा इनमें से ऋषभ, अविनूर, केविन, हरप्रीत गोल्ड मेडल एवं रणंजय ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने अभिभावकों एव विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। बच्चों के स्कूल वापिस लौटने पर अभिभावकों द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया गया।



### ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाया जाएगा : राजवंत

**कुरुक्षेत्र।** कर्ण सिंह ग्रुप की प्रधान पद की उम्मीदवार राजवंत कौर ने कहा कि कर्मचारियों हित में ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाना जरूरी है तथा इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि उनके संकल्प पत्र में पुरानी स्टाफ रेशो को बहाल करवाना पहली प्राथमिकता है। राजवंत कौर ने यह बात मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा कार्यालयों में चुनावी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में ग्रुप ने सभी कर्मचारियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से सभी कर्मचारियों के हित में अहम कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि 2022 से लम्बित पदोन्नतियों को उनके ग्रुप के सहयोग से पिछले एक वर्ष में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लैब सहायकों के विभिन्न पदों पर पदोन्नति का तोहफा भी मिला है। इसके साथ ही 2014 में नियमित हुए बजटिड कर्मचारी साथियों को दफ्तरी के पद पर प्रमोशन दिलाई गई तथा एसीपी का लाभ भी दिलाया गया।



### सीजेएम ने किया बाल आश्रम का दौरा

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के माननीय सीजेएम एव सचिव नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा का दौरा किया। वहां पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया।

## पंच दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



अरूणाय रोड स्थित गांव धनीरामपुरा में पिछले पांच दिनों से भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य एवं मंदिर के महंत व व्यवस्थापक महंत भीम पुरी की देखरेख में चल रहा 28वां मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ सात लाख आहुतियों, संतो के प्रवचन, सैकड़ों कन्याओं का पूजन, विशाल भंडारे एवं निशुल्क मेडिकल शिविर के साथ संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 51 यजमानों से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से पूणार्हुति डलवाई गई।

## साइबर ठगों की धोखाधड़ी से आम नागरिक को रहना होगा सजग : कंवलजीत कौर

- जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यक्रम को संबोधित करती जिप अध्यक्षा कंवलजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि साइबर ठगों की धोखाधडी से आम नागरिक को सजग रहने की जरूरत है। इस समय सोशल मीडिया और इंटरनेट साइटस आदि के माध्यम से साइबर ठग लोगों को रोजाना ठगने का काम कर रहे है। इसलिए समाज के प्रत्येक नागरिक को साइबर ठगों से सचेत रहना होगा। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर प्रशासन की तरफ से एनआईसी के तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, एनआईसी अधिकारी विनोद सिंगला, एडीआईओ भारती, लेखा अधिकारी सत्य भूषण ने विधिवत रूप से सुरक्षित इंटरनेट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिप चेयरमैन ने कहा कि सरकार और प्रशासन की तरफ से लोगों को नियमित रूप से साइबर ठगों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### संत शिरोमणि रविदास का जीवन प्रेरणादायी

**कुरुक्षेत्र।** संत रविदास का जन्म भारत में जिस काल में हुआ उस समय समाज का स्वरूप अत्यंत विक्षुब्ध, अशांत और संघर्षमय था। आतताइयों के आक्रमण के कारण समाज किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में था। छोटी-छोटी रियासतों में विभक्त भारतीय रियासतें मिथ्या दंभ और अभिमान में एक-दूसरे से युद्ध कर रही थीं। जर्जर सामाजिक ढांचा रूढ़ियों, प्रथाओं, अंधविश्वासों, मिथ्या आचरणों, आडंबरों और पाखंडों से सराबोर था। छुआछूत और अस्पृश्यता के वैज्ञानिक और औचित्यहीन अभिशाप का टीका समाज के माथे पर अमिट स्याही से लगाया गया था। जहां आपसी विभेद, वर्ग भेद, जाति भेद, गैर बराबरी, सामाजिक न्याय और अंतः संघर्ष की पराकाष्ठा समाज की सेहत को प्रदूषित कर रही थी। यह विचार संत शिरोमणि रविदास की 648 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित संत संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए।

### कुरुक्षेत्र विवि के ऑडिटोरियम हॉल में 34वां दीक्षांत समारोह 18 को

# 2959 यूजी व पीजी के छात्रों को मिलेगी डिग्री

- 205 को पीएचडी उपाधि तथा 96 को मिलेंगे गोल्ड मेडल व मेरिट सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 18 फरवरी 2025 को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू ऑडिटोरियम हॉल का दौरा किया। इसके साथ ही केयू कमेटी रूम में आयोजित अहम बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दीक्षांत समारोह के लिए गठित विभिन्न कमेटियों के संयोजकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। बैठक में गेस्ट हाउस, पार्किंग, ऑडिटोरियम हॉल में प्रवेश, बैठने की व्यवस्था सहित विभिन्न कमेटियों के संयोजकों व सदस्यों को विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिए गए। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 2959 यूजी/पीजी विद्यार्थियों को डिग्री तथा 205 पीएचडी धारकों को पीएचडी उपाधि तथा 96 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में यूजी के 1186 तथा पीजी के 1773 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह के ओवर ऑल इंचार्ज केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सभी अधिष्ठाता, कोर्ट के सदस्य, शैक्षणिक एवं कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मंच पर होंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी तथा गोल्ड मेडल विद्यार्थियों को मंच पर ही उपाधि एवं डिग्री प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह को सफलतम बनाने के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा 17 फरवरी 2025 को होने वाली रिहर्सल में भाग लेना अनिवार्य है यदि पंजीकृत विद्यार्थी इस रिहर्सल में भाग नहीं लेगा तो उसे 18 फरवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण केयू सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में संगीत एवं नृत्य विभाग की ओर से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जाएगी।

#### सेल्फी प्वाइंट बनेगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र

34वें दीक्षांत समारोह को यादगार बनाने में सेल्फी प्वाइंट मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता सदन के प्रांगण में दीक्षांत समारोह को यादगार बनाने के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा ताकि दीक्षांत समारोह में आने वाले विद्यार्थी इस यादगार पल को कैमरे में कैद कर सकें। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जिन्होंने सत्र 2023-24 में अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है वे दीक्षांत समारोह में पंजीकरण करने के लिए कुवि की वेबसाईट यू डॉट केयूकेडाटएसीडाटइन पर जाकर कोनवोकेशन 2025 लिंक पर क्लिक कर अपना आनलाईन पंजीकरण करवा सकते हैं।

#### 34वें दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड

18 फरवरी को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों के लिए सफेद कुर्ता/कमीज, सफेद ट्राउजर, सफेद धोती/पायजामा, सिख होने पर सफेद पगड़ी का ड्रैस कोड जारी किया गया है। वहीं छात्राएं क्रीम साड़ी या सफेद रंग की ड्रैस पहनेंगी। सभी पंजीकृत छात्र-छात्राओं को स्टॉल संबंधित विभाग या संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को उनके संबंधित विभागों से आईडी कार्ड भी जारी किए जाएंगे।

खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**नारायणगढ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस नागरिक अस्पताल में एसएमओ इंचार्ज प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नारायणगढ के सभी सरकारी स्कूलों, निजी स्कूल व आंगनबाडिय़ों में हस्पताल की टीमों ने अन्य स्टाफ के सहयोग से 10500 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई, बाकि बचे हुए 2500 बच्चों को मोपउप राउंड के दौरान 18 फरवरी को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिकृमि मुक्ति दिवस के दिन स्कूल और आंगनवाडिय़ों में 01 से 19 साल के सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाती है। जो बच्चे किसी भी कारण से दवा खाने से रह गए हैं उनको एल्बेंडाजोल की गोली 18 यानी माप अप दिवस को खिलाई जाएगी। मकसद बच्चों को कृमि मुक्त करना है, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण, और शिक्षा बेहतर हो। हमारे शरीर में बहुत सारे कृमियों, जैसे की राउंडवर्म, व्हिपवर्म, हुकवर्म, टेपवर्म इत्यादि का संक्रमण पाया जा सकता है। हमारे शरीर में कृमियो संक्रमण होने का मुख्य कारण है बिना धुली सब्जियां खाने से, संक्रमित भोजन खाने से, या पूरी तरह न पका मांस खाने पर एवम संक्रमित जगहों पर नंगे पाओ चलने से होता है। कृमि के संक्रमण होने से अनीमिया (खुन की कमी), पेट में दर्द, भूख न लगना, वजन में कमी आना है।

### दिल्ली विधानसभा में भाजपा को मिली जीत का असर अब निकाय चुनाव में दिख रहा

# मेयर उपचुनावः भाजपा में 21 ने किया आवेदन व पंजे पर कोई भी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं

भाजपा की ओर से पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना का दावा सबसे मजबूत, कांग्रेस अमीषा पर लगा सकती है दांव, दिल्ली जीत के बाद भाजपा नेताओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली विधानसभा में भाजपा को मिली जीत का असर अब निकाय चुनाव में दिख रहा है। अंबाला शहर नगर निगम में मेयर के उपचुनाव को लेकर भाजपा की महिला नेताओं ने रिकॉर्ड आवेदन कर सबको चौंका दिया है। इसी वजह से मेयर पद के लिए भाजपा ने आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली है। दूसरी तरफ कांग्रेस की ओर से मेयर का चुनाव लड़ने में कोई नेता व उनकी पत्नियां चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही। इस सिलसिले में मेयर चुनाव को लेकर मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग भी हुई लेकिन सिर्फ एक नेता की ओर से चुनाव के लिए आवेदन करने की बात कही जा रही है।

अंतिम नाम के लिए प्रदेश की कोर कमेटी के समक्ष इन्हें रखा जाएगा। भाजपा की ओर से मेयद पद के लिए वार्ड नंबर 8 से सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय शर्मा की पत्नी वंदना शर्मा, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष और वार्ड नंबर 16 से निगम सदस्य हितेश जैन की पत्नी रितु जैन, मनोनीत सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा की पत्नी सैलजा सचदेवा, पूर्व मेयर रमेश मल की पुत्रवधू व वार्ड नंबर 7 से निगम सदस्य मोनिका मल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गानगर मंडल और पूर्व निगम सदस्य हरीश शर्मा की पत्नी वनीता शर्मा, बलदेव नगर मंडल अध्यक्ष और वार्ड-तीन के निगम सदस्य मनीष आनंद की पत्नी सलोनी आनंद ने आवेदन किया है। पूर्व विधायक वीना छिब्बर की पुत्रवधू और वार्ड नंबर 6 की सदस्य अर्चना छिब्बर, भाजपा सह मीडिया प्रभारी साहिल कक्कड़ की पत्नी पूजा कक्कड़, जिला भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व महिला आयोग की सदस्य एडवोकेट नम्रता गौड़, पूर्व मंडल सचिव दिनेश सूद की पत्नी एवं वार्ड नंबर 20 की सदस्य प्रीति सूद, शहर मंडल अध्यक्ष अमन सूद की पत्नी शिवानी सूद, मंडल महामंत्री स्वर्ण सैनी की पत्नी बबीता सैनी, गुरप्रीत कौर पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद राजबीर सिंह की पत्नी, मंडल महामंत्री राजेश विज की पत्नी शमा विज, सुषमा सूद और वीनू गर्ग ने आवेदन किया है। इनमें सबसे मजबूत दावा पिछली बार मेयर का चुनाव लड़ चुकी वंदना शर्मा का दावा मजबूत नजर आ रहा है। हालांकि एडवोकेट संदीप सचदेवा की पत्नी सैलजा सचदेवा व निगम सदस्य अर्चना छिब्बर भी टिकट की लाइन में आगे दिख रही हैं।


**अंबाला।** पार्टी नेताओं की मीटिंग लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### भाजपा की ओर से 21 ने किया आवेदन

मेयर पद के लिए भाजपा की ओर से 21 महिला नेत्रियों ने आवेदन किया है। इनमें सीनियर डिप्टी मेयर समेत कई महिला निगम सदस्य भी शामिल हैं।अब भाजपा हाईकमान की ओर से फाइनल नाम पर मोहर लगाने के लिए मत्थापच्ची हो रही है। चुनाव प्रभारी प्रमोद कौशिक ने बताया कि मेयर उपचुनाव के लिए 21 आवेदन आ चुके हैं।

### जल्द घोषित होगा उम्मीदवार : गोयल


मेयर पद के उप चुनाव के लिए मंगलवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल व भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने मंडल अध्यक्षों सहित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। असीम गोयल ने बैठक में कहा कि नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही पार्टी अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। उसके बाद सभी कार्यकर्ता दिन रात एक करके मैदान में जुट जाएं।

### कांग्रेस में चावला की दावेदारी मजबूत

हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट से पिछला मेयर का चुनाव लड़कर तीसरे नंबर रही अमीषा चावला कांग्रेस में टिकट की सबसे बड़ी दावेदार है। नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता की माता दर्शना मेहता का नाम भी सबको चौंका सकता है। इसके अलावा निगम सदस्य मेघा इशू गोयल भी टिकट के लिए आवेदन कर सकती हैं। हालांकि अभी तक सिर्फ अमीषा चावला का आवेदन होने की बात कही जा रही है। अन्य कोई नेता चुनाव में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। हार की वजह से कोई भी रिस्क उठाने को तैयार नहीं लग रहा।

## निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

### 17 फरवरी तक होंगे नामांकन पत्र दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिलें में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी तैयारिया पुरी कर ली गई है। मंगलवार को जिलें में नगर निकाय चुनाव के तहत किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया हैं।

बता दें कि नगर निगम अंबाला शहर मे मेयर का उपचुनाव, नगर परिषद् अंबाला छावनी व नगर पालिका बराड़ा का चुनाव होना हैं, जिसके लिए 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएगें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिलें में नगर निकाय चुनाव को लेकर अगामी 2 मार्च को मतदान करवाएं जाने है। इस चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं पुख्ता प्रबंध किए जाऐंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकायों के चुनाव व मेयर का उपचुनाव के लिए 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडक़ र सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल होगें, इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। सम्बधिंत उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएगें, 19 फरवरी को ही चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। 02 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा तथा इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।



### बलदेव नगर स्कूल के बच्चों ने गटकी एल्बेंडाजोल की गोली

**अम्बाला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 11 फरवरी के उपलक्ष्य में नगराधीश अभिषेक गर्ग द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर अम्बाला शहर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यकम का उद्घाटन स्कूल में उपस्थित बच्चों को एलबैंडाजोल की गोलियां खिलाकर किया गया। इस क्रम में उप सिविल सर्जन स्कूल हैल्थ डा0 बलजिन्दर कौर, जिला नोडल अधिकारी डा0 मंयक गुप्ता, जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी स्कूल हैल्थ-डा0 नेहा कौशिक, कार्यालय सिविल सर्जन अम्बाला एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी उपस्थित रहें। सिविल सर्जन डा0 राकेश सहल के दिशा निर्देशाअनुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पूरे जिलेभर में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया एवं इसके अंर्तगत लगभग 3,38,726 (88 प्रतिशत) बच्चों को सरकारी व निजि स्कूलों, आंगनवाडी सेंटर, सभी तकनीकी शिक्षा संस्थानों, भट्टों, कनस्ट्रक्शन साईटस आदि में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई और जो बच्चे किसी कारणवश छूट गये हैं उन्हें 18 फरवरी 2025 को मोपअप दिवस वाले दिन दवाई खिलाई जाएगी।

## अंबाला पुलिस ने आईपीएस सृष्टि को सम्मान पार्टी देकर दी विदाई

- अंबाला में करीब एक साल तक रहा बेहतरीन कार्यकाल
- पदोन्नति उपरान्त यमुनानगर में संभाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आईपीएस सृष्टि गुप्ता ने जिला अम्बाला के सहायक पुलिस अधीक्षक का कार्यभार छोड़ दिया है। अब आईपीएस सृष्टि गुप्ता ने पदोन्नति उपरान्त यमुनानगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। आज दिनांक 11 फरवरी 2025 को अम्बाला पुलिस ने आफिसर्स इन्सटीट्यूट अम्बाला शहर में सम्मान पार्टी देकर उन्हें विदाई दी। आईपीएस सृष्टि गुप्ता ने जिला अम्बाला के सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर रहते हुए जिला अम्बाला में अपनी नियुक्ति के दौरान अपना कार्य निष्ठा व पूरी ईमानदारी से किया। उन्होंने जिला अम्बाला को भ्रष्टाचार,नशा मुक्त एवम अपराध मुक्त बनाने के लिए अच्छे कार्य किये। पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री सुरेन्द्र सिहँ भोरिया आईपीएस के नेतृत्व में उन्होनें महिलाओं की सुरक्षा हेतू कई ठोस कदम उठाए जिससे कि महिलाओं को पूरा मान सम्मान मिल सके। आईपीएस सृष्टि गुप्ता ने जिला अम्बाला के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को हमेशा उनके अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया आईपीएस ने सृष्टि गुप्ता के एक वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा की उन्होने जिला अम्बाला को नशा-मुक्त बनाने व नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाकर जिला अम्बाला को नशा-मुक्त बनाने का भरसक प्रयास किया एवम अनेकों जागरूक कार्यक्रमों व खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे से दूर रहने बारे तथा साइबर धोखाधडी बारे युवावर्ग व आमजन को प्रेरित कर जिला अम्बाला को खुशहाल बनाने का पूरा प्रयास किया । आज अम्बाला पुलिस ने उनके सम्मान में आफिसर्स इन्सटीट्यूट शहर मे सम्मान पार्टी करके भावभीनी विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।


**अंबाला।** आईपीएस सृष्टि गुप्ता को सम्मानित करते पुलिस के आला अधिकारी।

### महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" का आयोजन

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में रेड रिबन सेल के तत्वावधान में "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र, मुलाना के एस.एम.ओ., डॉ. कुलदीप सिंह के निर्देशानुसार विजय कुमार, किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता ने महाविद्यालय में आकर विद्यार्थियों को कृमि-संक्रमण की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सरकार द्वारा कृमि नियंत्रण के लिए प्रदान की जाने वाली दवाई (एल्बेडाजाल) भी वितरित की गई। कार्यक्रम का संयोजन रेड रिबन सेल की संयोजिका डॉ. शैली मनन व सह-संयोजन डॉ. पूजा रानी एवं डॉ. आशुतोष शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक गण उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और कृमि-संक्रमण से बचाव के उपायों को समझाने में सफल रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### अंबाला के युवाओं को रोजगार देना जीएमएन कॉलेज की प्राथमिकताः डॉ. रोहित दत्त

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में मंगलवार को बड़े पैमाने पर पूल कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में हुआ, जिसमें हरियाणा और पंजाब के विभिन्न जिलों से आए 900 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कैंपस ड्राइव में कुल सात नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें इंडो वेस्ट स्किल डेवलपमेंट हब से एचआर मैनेजर उषा चहल, एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी से हेड एचआर मैनेजर पूनम शर्मा, जस्ट डायल से एचआर निकिता अरोड़ा, एसबीआई लाइफ से मैनेजर अवतार सिंह, स्टीफेन टेक्नोलॉजी से एचआर मैनेजर मनी, थिंक नेक्स्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर बलराम सिंह, और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड से सीनियर एचआर पार्थ कौशिक ने साक्षात्कार लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह पूल कैंपस ड्राइव शिक्षित युवाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अच्छी नौकरी प्राप्त करना हर युवा का सपना होता है और इस तरह के आयोजन उनके करियर को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से अंबाला व आसपास के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता रहेगा।

## गोली चलाने वाले को गिरफ्तार करने की मांग

- डॉक्टर अनमोल की मौत के बाद परिजनों ने दर्ज करवाया हत्या का केस, आरोपी पर सुनियोजित तरीके से हत्या का आरोप, बेहद पास से मारी गई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**गोली की तलाश की जा रही**

अनमोल की माता मंजीत कौर की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है, जिसके लिए टीमें लगा दी गई है। गोली की तलाश की जा रही है।

**कर्मबीर सिंह, थाना प्रभारी, नग्गल**

दानीपुर गांव में एक समारोह के दौरान गोली लगने से हुई डॉक्टर अनमोल की मौत के मामले में अब हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की मानें तो मृतक को बेहद पास से गोली मारी गई। इसी वजह से गोली सिर को चीरते हुए पार निकल गई। अनमोल के सिर को चीरते निकली गोली को पुलिस तलाश रही है। उधर परिजनों ने गोली चलाने वाले आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। परिजनों ने पुलिस को जल्द आरोपी को काबू करने की मांग की है। फिलहाल वीडियोग्राफी के साथ अंबाला शहर नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मृतक अनमोल के फूफा ससुर संदीप कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि अनमोल आयुर्वेदाचार्य था। वह साहा के लंडा गांव में अपनी एक क्लीनिक भी चलाता था। वह दानीपुर में अपनी मां के मामा के घर दसुटन कार्यक्रम में जाना नहीं चाहता था। मगर दानीपुर से रिश्तेदार बार-बार आने की जिद कर रहे थे। इसके बाद रविवार को अनमोल अपनी मां मंजीत कौर और बेटे के साथ समारोह में पहुंच गया था। दोपहर तीन बजे उन्हें अनमोल की पत्नी सिया ने फोन पर सूचना दी कि अनमोल को गोली लग गई है। इसके बाद वह करनाल से निकले। तब उन्हें सिया ने सूचित किया कि अनमोल को ईस्माइलाबाद में एक निजी अस्पताल में लेकर गए हैं। जब वह वहां पहुंचे तो अनमोल नहीं मिला। इसी प्रकार अन्य जगह भी वह भटकते रहे। आखिर में उन्होंने डायल 112 पर कॉल की और घटना बताई। इसके बाद उन्हें पता चला कि अनमोल की मौत हो चुकी है।

## बच्चों को पेट में होने वाले कीडों को मारने वाली दवा खिलाई : डॉ. विनोद

हरिभूमि न्यूज, शहजादपुर

राष्ट्रीय कृमि दिवस ब्लाक शहजादपुर में मनाया गया। यह कार्यक्रम हर साल 11 फरवरी को ही मनाया जाता है। इस दिन पेट में होने वाले कीडो को मारने वाली दवाई एलबेंडाजोल खिलाई जाती है। इस दिन स्कुलों, आंगनवाडी केन्द्र, ईट भट्ठे, पोल्ट्रीफॉर्म, बस स्टैण्ड आदि हाई रिसक एरिया में घर-घर जाकर दवाई खिलाई जाती है। यह दवाई 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को तथा 20-25 वर्ष की आयु वालों को भी यह गोली खिलाई जाती है जो बच्चा आदि इस दिन रह जाता है तो उसे 18 फरवरी को (मोप-अप) यह गोली खिलाई जाएगी। पेट में कीड़े होने से खून की कमी, भुख कम लगना, चिचिड़ापन रहना, कमजोरी महसुस करना आदि जैसी समस्या आती है एएसएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों तथा 20 से 25 वर्ष तक के युवाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का ब्लॉक शहजादपुर का टारगेट 50295 हैं। जिसमें सीएससी शहजादपुर 10666, पीएचसी कुराली 4980, पीएचसी भुरेवाला 6225, पीएचसी धनाना 9876, सीएचसी अम्बली 21365, पीचसी पतरेहड़ी 8630 को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई।


बच्चो को स्वस्थ रहने की जानकारी देते स्वास्थ्यकर्मी।

### राजकीय विद्यालय टँगेल में एसटीईएम मेले का आयोजन

**बराड़ा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय टँगेल में विज्ञान अध्यापिका के नेतृत्व में एसटीईएम मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल इंचार्ज हरविंदर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मेले में बाल वैज्ञानिकों ने स्टेम मंच के अंतर्गत छह चरणों में विभिन्न गतिविधियों का समायोजन किया, जो विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम पर आधारित थीं। इन गतिविधियों ने बच्चों की वैज्ञानिक समझ को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसटीईएम मेले को देखने के लिए एसएमसी प्रधान, एसएमएस सदस्य, अभिभावक तथा विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### डेंटल चेकअप कैंप का सफल आयोजन

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बराड़ा में विद्यार्थियों के शारीरिक और शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए तीन महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सफलता और उज्जवल भविष्य की कामना के लिए विद्यालय में यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही डिवार्मिंग दिवस मनाया,अंतर्गत बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक दवाइयां वितरित की। इसके अलावा, एमएम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के दंत चिकित्सा विभाग के हेड एवं प्रिंसिपल, डॉ. जीएम सोगी के संरक्षण में डॉ गरिमा और डॉक्टर सुरूची के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की।

कार्यक्रम | संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजन

## निंबध लेखन प्रतियोगिता में खुशी अव्वल

- संत रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य पर हिंदी विभाग एवं पंजाबी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या डॉ खुशीला के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ दविंदर ढींगरा के नेतृत्व में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते निबंधों में अपने विचार व्यक्त किए डॉ दविंदर डिंगरा ने कहा कि आज के दौर में समाज को संत रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है उनकी शिक्षाओ को ग्रहण कर के ही समाज में सुधार लाया जा सकता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी एवं रितु द्वितीय स्थान रजनीश एवं शिवानी तृतीय स्थान राहुल कुमार एवं प्राची ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ आशा रानी एव पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ दविंदर सिंह ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ नीलू रानी, डॉ राहुल कुमार ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर मोहम्मद अली ने संत रविदास जी के जीवन व उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनकी शिक्षाओं का उपदेश दिया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतरने की प्रेरणा दी ।


**अंबाला।** प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि